## –बियासी–

संख्या–क0नि0–5–500 (1)/11/2006–500(4) 2005

प्रेषक,

अतुल चतुर्वेदी,
प्रमुख सचिव,
कर एवं निबन्धन शासन।

सेवा में,

आयुक्त स्टाम्प,
उत्तर प्रदेश, शिविर लखनऊ।

कर एवं निबन्धन अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 13 फरवरी, 2006

विषयः केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड से न्यायिक एवं गैर अदालती न्यायिक स्टाम्प पत्रों की मांग एवं आपूर्ति हेतु प्रदेश में एक नोडल डिपो बनाये जाने तथा केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड को प्रत्येक छमाही मांगपत्र पर देय छपाई व्यय का तीस प्रतिशत अग्रिम भुगतान मांगपत्र के साथ एवं सत्तर प्रतिशत का भुगतान स्टाम्पों की सुपुर्दगी के समय किये जाने की शासकीय स्वीकृति प्रदान किया जाना।

महोदय,

उपरोक्त विषयक केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड के परिपत्र संखय–सी.एस.डी.–15/एम0एन0पी01534 दिनांक 20–8–2005 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा यह अवगत कराया गया है कि केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड से न्यायिक एवं गैर अदालती न्यायिक स्टाम्प पत्रों की मांग एवं आपूर्ति हेतु प्रदेश में एक नोडल डिपो बनाया जाये तथा केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड को प्रत्येक छमाही मांगपत्र पर देय छपाई व्यय का तीस प्रतिशत अग्रिम भुगतान मांगपत्र के साथ एवं सत्तर प्रतिशत भुगतान स्टाम्पों की सुपुर्दगी के समय किया जाये। कृपया इस सम्बन्ध में अपने संस्तुति पत्र संख्या–12836/स्टाम्प–470बी/55/19/05–06 दिनांक 20.9.05 को भी सन्दर्भित करें।

2. उपरोक्त परिपत्र दिनांक 20–8–2005 पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत निर्णय लिये गये हैं :–

(क) केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड से न्यायिक एवं गैर अदालती न्यायिक स्टाम्प पत्रों की मांग, आपूर्ति एवं वितरण हेतु प्रदेश में कानपुर नगर कोषागार को एक नोडल डिपो बनाया जाता है, तथा

(ख) केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड को प्रत्येक छमाही मांगपत्र पर देय छपाई व्यय का तीस प्रतिशत अग्रिम भुगतान मांगपत्र के साथ एवं अवशेष सत्तर प्रतिशत का भुगतान स्टाम्पों की सुपुर्दगी के समय किये जाने की शासकीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. प्रदेश के अन्य 10 नोडल डिपो, कानपुर नगर कोषागार से सम्पर्क कर वांछित स्टाम्पों की डिलीवरी प्राप्त करेंगे।

4. प्रदेश के समस्त कोषागारों में किसी अभिधान के स्टाम्पों की कमी न हो, इस हेतु कृपया अपने स्तर से अग्रेतर प्रभावी कार्यवाही/अनुश्रवण करने का भी कष्ट करें।

5. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–एफ0 ए0 – 156/दस–06 दिनांक 8.2.2006 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

संलग्नकः यथोपरि

भवदीय,
ह0अस्पष्ट
(अतुल चतुर्वेदी)
प्रमुख सचिव।

संख्या–क0नि0–5–500 (1)/11–2006–500(4)2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपिक निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– श्री एन0के0 चौधरी, उप सचिव कोइन्स एण्ड करेन्सी डिवीजन, वित्त मंत्रालय, डिपार्टमेन्ट आफ इकोनामिक अफेयर्स, भारत सरकार नई दिल्ली।
2– श्री एम0वी0 रामकृष्ण राय, डिप्टी कन्ट्रोलर आफ स्टाम्पस, केन्द्रीय मुद्रांक डिपो, नासिक रोड, महाराष्ट्र 422101
3– प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4– निदेशक, कोषागार उत्तर प्रदेश, 1018, जवाहर भवन, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रदेश के समस्त नोडल डिपो कोषागारों को उपरोक्त निर्देश की प्रति प्रेषित करने का कष्ट करें।
5– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
6– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया अपने अनपद के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा समस्त कोषाधिकारी को इस पत्र की प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7– आयुक्त, स्टाम्प उत्तर प्रदेश, शिविर लखनऊ को इस अभियुक्ति सहित प्रेषित कि वे कृपया इस पत्र की प्रति समस्त उप/सहायक महानिरीक्षक निबन्धन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
8– वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
9– अनुभाग अधिकारी, वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग–9/वित्त (लेखा) अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन।
10– गार्ड फाइल, कर एवं निबन्धन अनुभाग–5, उत्तर प्रदेश शासन।

संलग्नकः यथोपरि।

आज्ञा से,
ह0अस्पष्ट
(अरुण सिंह)
विशेष सचिव

केन्द्रीय मुद्रांक डिपो,
नासिक रोड – 422101

**Central Stamp Depot,**
**Nashik Road - 422101**
**Telegram CONSTAMP**
**Phone 0253-2465253**
**Fax 0252-2462718**

**PABX 0253-2463720 to 2463729 Extension 209/254**

M.V. Ramakrishana Rao,
Deputy Controller of Stamps,

DO no. CSD-15-M-NP Dated the 20th August, 2005

Dear Sir,

I would like to inform you that at present for the Non-Postal stamps from Uttar Pradesh State 11 (Eleven) depots are collecting consignments by Personal Delivery except high value Non-judicial stamps from Rs. 10,000/- to Rs. 25,000/- denomination (which is being collected by Nodal Treasury, Kanpur for retail destribution to the treasuries in Uttar Pradesh State.)

As a policy decision the Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue has advised all the State Governments to create Nodal Teasuries in their respective State and forward consolidated indents ans collect the bulk supply from this Department. Accordingly almost all the States have created Nodal Points and the Non-postal stamps in bulk are collected by Personal Delivery for further distribution to the concerned treasuries.

In order to have a uniform policy, it has become necessary to have only one Nodal Point for uttar Pradesh State also who will submit consolidated indent on this department and collect bulk supplies of all denominations by Presonal Delivery as is being done by other States. We have been requesting the Government of Uttar Pradesh to forward consolidated indent and to collect the bulk supply of all the denominations of Non-Postal stamps for retail distribution to the Treasuries in Uttar Pradesh State vide this office protracted correspondence during the last couple of years, but the matter is still not finalized.

It would be difficult for us to continue the supply of Non-Postal stamps to number of depots any longer due to various constraints. I, therefore, request you to take adequate measures to create only one Nodal Point for Uttar Pradesh State and forward consolidated indents for all the treasuries for all the denominations and make arrangements to collect the bulk supply from this department by Personal Delivery with vehicle and Police Escort. In this connection, it is also come to the notice that the Central Treasury Officer, Kanpur has been declared as Nodal Officer for the entire Uttar Pradesh State to place the indem and collection of Non-Postal stamps from Security Printing Press, Hyderabad. It is suggested that similar action may be taken to nominate One Nodal Officer for collecting stamps from Central Stamp Depot, Nasik Road.

Further, I would like to invite your attention to the meeting of the State Secretaries of Revenue and Inspector Generals (Registration) of Stamps held in the Ministry of Finance, New Delhi on 4th March, 2004 to place 3 years rolling indent for proper production planning at India Security Press and current years six monthly indent with 30% advance payment. In this connection, please refer to my letter no. 25-C-NP/69-R dated the 3rd May, 2004 and reminder letter no. 25-C-NP/199-R dated the 1st July, 2004.

Taking into consideration the above facts and need of the time, it has become inevitable to adopt new changes. I, therefore, request your good offices to understand the situation in its true spirit and take immediate action on the above in the interest of the nation and the public.

Your co-operation in the matter and a line in reply will highly be appreciated.

With regards,

Yours
(Sd/- M.V. Ramakrishna Rao)

Shri Bachittar Singh, IAS
Secreatary,
Department of Taxation and Registration,
Government of Uttar Pradesh, Room no. 24,
Bapu Bhawan, Secretariat,
Lucknow-226001
Uttar Pradesh.

**No. CSD-15-M-NP**

Copy forwarded for information and necessary action to Shri Prabhas Kumar Jha, Inspector General of Registration and Stamps, Uttar Pradesh, Commercial Complex, Vishwas Market, Vishwas Khand III, Gomati Nagar, Lucknow 226001 (Uttar Pradesh)

No. CSD-15-M-NP/1534

Copy forwarded for information and necessary action to the Additional Secretary, Board of Revenue, Uttar Pradesh, Allahabad-211001 (Uttar Pradesh)

Sd/-
(M.V. Ramakrishna Rao)
Deputy Controller of Stamps.